# A

**23713** **120 MINUTES**

1. दि 'वेस्ट लैंड' कविता के रचयिता कौन है?
   A) इलियट B) कॉलरिज C) वर्ड्सवर्थ D) कीट्स

2. दार्शनिक मत द्वैतवाद के संस्थापक इन में कौन हैं?
   A) रामानन्द B) मध्वाचार्य
   C) विवेकानंद D) रामानुजाचार्य

3. प्राकृत की अंतिम अपभ्रंश अवस्था से हिंदी साहित्य का आविर्भाव किसने माना?
   A) रामचंद्र शुक्ल B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
   C) रामकुमार वर्मा D) धीरेन्द्र वर्मा

4. 'विद्रोही बनते नहीं उत्पन्न होते हैं' किस उपन्यास का वाक्य है ?
   A) गोदान B) शेखर एक जीवनी
   C) बाणभट्ट की आत्मकथा D) राग दरबारी

5. सही मिलान कीजिए:

| | |
|---|---|
| a) बांगरू | 1. पूर्वी हिंदी |
| b) बघेली | 2. बिहारी |
| c) मेवाती | 3. पश्चिमी हिंदी |
| d) मैथिली | 4. राजस्थानी |

   A) a-3, b-1, c-4, d-2 B) a-1, b-2, c-3, d-4
   C) a-3, b-4, c-2, d-1 D) a-3, b-1, c-2, d-4

6. इनमें से गलत जोड़े को अलग कीजिए :
   A) विद्यापति - कीर्तिलता
   B) हेमचन्द्र - शब्दानुशासन
   C) दामोदर शर्मा - वर्ण रत्नाकर
   D) रामसिंह - पाहुडदोहा

7. **राजभाषा अधिनियम के अनुसार इनमें से 'ख' श्रेणी के अंतर्गत कौन से राज्य नहीं आता :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A) | पंजाब | B) | हिमाचल प्रदेश |
| C) | गुजरात | D) | महाराष्ट्र |

8. **बिहारी की कविता को 'शक्कर की रोटी' किस आलोचक ने कहा ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A) | रामचंद्र शुक्ल | B) | नंददुलारे वाजपेई |
| C) | पद्मसिंह शर्मा | D) | रमानाथ त्रिपाठी |

9. **निम्न में से 'रामचरितमानस' की टीका किसने की ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A) | महेंद्र रामचरण | B) | हरिचरण दास |
| C) | जानकीदास | D) | किशोरीदास |

10. **'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' किसकी कहानी है?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A) | ओमप्रकाश वाल्मीकि | B) | सत्य प्रकाश |
| C) | जय प्रकाश कर्दम | D) | मोहनदास नैमिशराय |

11. **धिक् जीवन जो पाता ही आया है विरोध |**
**धिक् साधन जिस के लिए सदा ही किया शोध ||**
**निराला की ये पंक्तियाँ उनकी किस कविता से ली गई हैं ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A) | सरोजस्मृति से | B) | कुकुरमुत्ता से |
| C) | राम की शक्तिपूजा से | D) | जूही की कली से |

12. **'केन्द्रीय हिंदी निदेशालय' की स्थापना कब हुई?**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A) | 1972 | B) | 1960 | C) | 1962 | D) | 1970 |

13. **'आवारा मसीहा' जीवनी का रचनाकार कौन है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A) | विष्णु प्रभाकर | B) | शरतचन्द्र |
| C) | इलाचन्द्र जिशी | D) | मुल्ला दाऊद |

14. “लोग हैं लागी कवित्त बनावत
मोहें तो मेरे कवित्त बनावत”- किसकी पंक्तियाँ हैं ?

A) भिखारीदास B) घनानंद C) सेनापति D) आलम

15. ‘चेम्मीन’ का अनुवाद किसने किया ?

A) भारती विद्यार्थी B) तंकमणिअम्मा
C) सुधर्मा D) लीलावति अम्मा

16. ‘संवेदनात्मक ज्ञान और ज्ञानात्मक संवेदना’ सूत्र का प्रयोग किसने किया?

A) विजदेव नारायण साही B) रामस्वरूप चतुर्वेदी
C) गजानन माधव मुक्तिबोध D) रमेश कुंतल मेघ

17. ‘तूफानों के बीच’ नामक रिपोर्ताज के लेखक कौन है ?

A) रंगेय राघव B) राहुलसांकृत्यायन
C) शिवदान सिंह चौहान D) धर्मवीर भारती

18. निम्न रचनाओं को उनकी विधा के साथ सुमेलित कीजिए :

a) कलम का सिपाही 1. संस्मरण
b) अर्द्ध कथानक 2. जीवनी
c) स्मृति की रेखाएँ 3. आत्मकथा
d) पथ के साथी 4. रेखाचित्र

A) a-2, b-3, c-4, d-1 B) a-3, b-2, c-4, d-1
C) a-1, b-3, c-2, d-4 D) a-2, b-3, c-1, d-4

19. हिंदी साहित्य का पहला इतिहास किसने लिखा है ?

A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने B) गार्सादतासी ने
C) जॉर्ज ग्रियर्सन ने D) शिवसिंह ने

20. क्रोचे ने अभिव्यंजना को क्या नाम दिया है:

A) स्वभावोक्ति B) वक्रोक्ति
C) स्वयं प्रकाश ज्ञान D) निर्वैयक्तिकता

21. ‘चतुर्भुज’ शब्द में कौन सा समास है ?

A) अव्ययीभाव B) तत्पुरुष C) द्वंद्व D) बहुव्रीही

22. इन में कौन- सी पत्रिका भारतेंदु जी संपादित करते थे :

A) कविवचन सुधा B) हरिश्चंद्र चंद्रिका

C) हिन्दी प्रदीप D) A और B दोनों

23. संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है -“राष्ट्रपति को संविधान लागू होने के प्रथम पांच वर्ष या दस वर्ष के पश्चात् राजभाषा आयोग की नियुक्ति करनी चाहिए ” |

A) 347 B) 543 C) 344 D) 351

24. लाली मेरे लाल की, जित देखूं तित लाल |
लाली खोजन मैं गई, मैं भी हो गई लाल || इस साखी में ‘मैं’ का अभिप्राय क्या है ?

A) गुरू B) जीवात्मा C) परमात्मा D) माया

25. ‘आकाशवाणी’ शब्द का अर्थ पहले ‘देववाणी’ था, आज-कल उसका अर्थ ‘रेडियो’ बन गया | अर्थ-परिवर्तन की इस दशा को क्या कहते हैं ?

A) अर्थ विस्तार B) अर्थ संकोच

C) अर्थादेश D) स्थूलीकरण

26. इन में से कौन सा कथन ‘यूनिकोड’ के लिए गलत है ?

A) प्रत्येक अक्षर के लिए एक विशेष नंबर प्रदान करना

B) सूचना के आदान-प्रदान के लिए भारतीय लिपि कोड

C) एकसमान मानकीकृत कोड

D) वर्ण एनकोडिंग का कार्य

27. ‘उदन्त मार्तण्ड’ समाचार पात्र के संपादक कौन है ?

A) राजाराम मोहन राय B) राजा लक्ष्मण सिंह

C) अज्ञेय D) पं. जुगल किशोर

28. अवधि शिला का उर पर | था गुरु भार |
तिल-तिल काट रही थी | दृग जल धार || इन पंक्तियों में कौन सा छंद है ?

A) चौपाई B) दोहा C) रोला D) बरवै

29. अनुवाद स्रोत भाषा की पाठ्य- सामाग्री केलिए लक्ष्य भाषा की समतुल्य सामग्री द्वारा प्रतिस्थापन है : यह किसकी परिभाषा है ?

A) जेम्स होल्मस B) टैंकोक
C) कैटफोर्ड D) यूजीन ए निड़ा

30. 'प्रगतिवाद' शीर्षक पुस्तक के लेखक है :

A) रामविलास शर्मा B) रंगेय राघव
C) शिवकुमार मिश्र D) शिवदान सिंह चौहान

31. इन सूचियों को सुमेलित कीजिए :

a) महावीर प्रसाद द्विवेदी 1. तुम चन्दन हम पानी
b) भारतेंदु हरिश्चंद्र 2. साहित्य सीकर
c) हरिशंकर परसाई 3. दिल्ली दरबार दर्पण
d) विद्यानिवास मिश्र 4. विकलांग श्रद्धा का दौर

A) a-2, b-3, c-1, d-4 B) a-1, b-2, c-3, d-4
C) a-2, b-3, c-4, d-1 D) a-3, b-2, c-4, d-1

32. निम्न में से कौन भारतेंदु मंडल में नहीं थे?

A) राधाचरण गोस्वामी B) लाला श्रीनिवासदास
C) प्रतापनारायण मिश्र D) अंबिकादत्त व्यास

33. 'काशी का अस्सी' किस विधा की रचना है ?

A) उपन्यास B) कहानी D) आत्मकथा D) जीवनी

34. इनमें से कौन-सा ग्रन्थ भ्रमरगीत परंपरा का नहीं है ?

A) भंवरगीत B) उद्धवदशक
C) भ्रमरगीत D) श्रीकृष्ण गीतावली

35. 'पहला गिरमिटिया' किस कथानक पर आधृत उपन्यास है :

A) स्वाधीनता आन्दोलन पर

B) गांधी के संपूर्ण जीवन पर

C) दक्षिण आफ्रिका में गांधी द्वारा किए गए आन्दोलन पर

D) भारत में गांधी जी द्वारा किए गए आन्दोलन पर

36. 'प्रभु जी तुम चन्दन हम पानी
जाकी अंग-अंग बस समानी - किसकी पंक्तियाँ हैं ?

A) कबीरदास B) मुलूकदास C) नामदेव D) रैदास

37. 'सकुबाई' किसका नाटक है ?

A) महुआ माजी B) शर्मिला बोहरा जालान

C) नादिरा ज़हीर बब्बर D) चंद्रकांता

38. हिंदी की पहली साहित्यिक संस्था कौन-सी है ?

A) दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा

B) काशी नागरी प्रचारिणी सभा

C) केंद्रीय हिंदी संस्थान

D) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

39. आधुनिक काल का जनक इनमें से किसे माना जाता है ?

A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

C) महावीर प्रसाद द्विवेदी D) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

40. निम्न में ऊष्म व्यंजन हैं -

A) श, ष,स,ह B) य, र, ल, व

C) न, द, भ, म D) इन में से कोई नहीं

41. “छायावाद तत्वतः प्रकृति के बीच जीवन का उद्गीत है” - यह परिभाषा किसकी है ?

A) जयशंकर प्रसाद B) रामचंद्र शुक्ल

C) नंददुलारे वाजपेई D) महादेवी वर्मा

42. इन सूचियों को सुमेलित कीजिए :

a) संप्रेषण सिद्धांत 1. आई ए रिचर्ड्स

b) अभिव्यंजनावाद 2. क्रोचे

c) उदात्त तत्व 3. लोंजाइनस

d) अनुकरण सिद्धांत 4. अरस्तु

A) a-2, b-1, c-3, d-4 B) a-1, b -2, c- 3 , d-4

C) a-3, b-4, c-2, d-1 D) a-1, b-2, c- 4, d-3

43. इनमें से कौन सी रचना अवधि भाषा की नहीं है ?

A) विनय पत्रिका B) रामचरितमानस

C) पद्मावत D) मधुमालती

44. ‘हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती’- यह गीत प्रसाद के किस नाटक में है ?

A) स्कंदगुप्त B) अजातशत्रु C) चन्द्रगुप्त D) ध्रुवस्वामिनी

45. ‘नई कविता’ पत्रिका का प्रकाशन कब प्रारंभ हुआ?

A) 1950 ई. B) 1951 ई. C) 1954 ई. D) 1953 ई.

46. ‘शीतल चन्दन चंद नहिं’- में कौन-सा अलंकार है ?

A) उत्प्रेक्षा B) उपमा C) यमक D) रूपक

47. आश्रय की चेष्टाएँ इन में से किस वर्ग के अंतर्गत आती हैं ?

A) अनुभाव B) विभाव C) उद्दीपन D) स्थाई भाव

48. ‘हिंदी साहित्य -बीसवीं शताब्दी’ नामक समीक्षा कृति के रचयिता है :

A) गुलाबराय B) रामविलास शर्मा

C) नंददुलारे वाजपेयी D) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

49. भारतीय भाषाओं केलिए लिनेक्स प्रणाली पर आधारित हिंदी सॉफ्टवेयर का नाम क्या है ?

A) शाब्दिका B) अक्षर C) इंडिक्स D) आई लिप

50. "भूसा भरे गीध की अपेक्षा मैं जीवित गौरैया चाहूंगा' - अनुवाद के बारे में यह किसका कथन है?

A) कसाग्रांदे B) फिट्ज़जेराल्ड

C) विर्जिनिया वुल्फ D) जूलियाना हाउस

51. भाषाओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

A) पालि, प्राक्रत , अपभ्रंश, हिंदी

B) प्राकृत , पालि, हिंदी, अपभ्रंश

C) हिंदी, प्राकृत, पालि, अपभ्रंश

D) अपभ्रंश, पालि, प्राकृत, हिंदी

52. "को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के वीर"- में कौन-सी व्यंजना है ?

A) शाब्दी व्यंजना B) आर्थी व्यंजना

C) रस व्यंजना D) इन में से कोई नहीं

53. विषम चरण तेरह कला ,आदि जगण नहिं देत |
ग्यारह मात्रा सम चरण, गुरु न अंत में लेत || - यह कौन- सा छंद है ?

A) चौपाई B) मालिनी C) दोहा D) सोरठा

54. अस्तित्ववाद के प्रवर्तक है:

A) अरस्तु B) प्लेटो

C) इलियट D) सारण कीर्केगार्ड

55. अरस्तु का अनुकरण सिद्धांत प्लेटो से भिन्न है क्योंकि :

A) कविता को वह नैतिक मानदण्डों पर नहीं तोलता |

B) काव्य कला को वह सर्वोच्च अनुकरणात्मक कला मानता है |

C) अरस्तु ने काव्य की व्याख्या दर्शन और राजनीति के चश्मे से नहीं की |

D) ये सभी

56. डॉ. भोलानाथ तिवारी का ग्रन्थ कौन-सा है ?

A) अनुवाद विज्ञान  B) अनुवाद अध्ययन का परिदृश्य

C) अनुवाद कला  D) अनुवाद विज्ञान की भूमिका

57. 'हम आँखों से देख रहे हैं ' -वाक्य में 'से' कौन-सा कारक हैं ?

A) संप्रदान कारक  B) अपादान कारक

C) कर्ता कारक  D) करण कारक

58. 'बाण भट्ट की आत्मकथा' किस विधा की रचना है?

A) जीवनी  B) आत्मकथा  C) कहानी  D) उपन्यास

59. मानक हिंदी की आधार बोली है –

A) अवधी  B) ब्रज  C) कौरवी  D) बांगरू

60. राजभाषा अधिनियम कब पारित हुआ

A) 25 अप्रैल और 7 मई, 1963 ई. को

B) 14 सितंबर और 3 मई 1960 ई. को

C) 20 अप्रैल और 15 मई 1965 ई.को

D) 13 अप्रैल और 3 मई 1964 ई. को

61. इनमें से किसके साहित्येतिहास ग्रंथ में आदिकाल के लिए 'चारण काल' शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है?

A) डॉ. रामकुमार वर्मा  B) डॉ. रामशंकर शुक्ल 'रसाल'

C) एफ.ई.केई  D) डॉ. ग्रियर्सन

62. 'गार्सा-द-तॉसी' का इतिहास ग्रंथ हिंदी और उर्दू भाषा को लेकर लिखा गया है, जिसके हिंदी भाषा संबंधी अंश का अनुवाद किसने किया है?

A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र  B) लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय

C) राधाकुमुद मुखर्जी  D) कविराजा श्यामलदीन

63. जैन साहित्य में रामकथा किस नाम से स्वयंभू द्वारा लिखी गई?

A) रामचन्द्रिका B) रामचरित C) महापुराण D) पउम चरिउ।

64. अपभ्रंश एवं राजस्थानी भाषाओं के योग की भाषा को क्या कहते हैं?

A) पिंगल B) डिंगल C) अवहट्ट D) शौरसेनी

65. कबीरवाणी को बीजक में संकलित करने का श्रेय किसको हैं?

A) सुन्दरदास B) अनंतदास C) रज्जब साहब D) धर्मदास

66. "स्वस्ति श्री तुलसी कुलभूषन दूषन हरन गोसाँई, बारहिं बार प्रनाम करहुँ, अब हरहु सोक समुदाई।" – यह किसका कथन है?

A) परमानंददास B) मीराबाई C) कृष्णदास D) सूरदास

67. सुमेलित कीजिए

| | | |
|---|---|---|
| a) | मानस का हँस | 1. चतुरसेनशास्त्री |
| b) | गिरती दीवारें | 2. अमृतलाल नागर |
| c) | वैशाली की नागरवधू | 3. उपेन्द्रनाथ अश्क |
| d) | मुर्दों का टीला | 4. रांगेय राघव |

A) a-2, b-3, c-4, d-1 B) a-1, b-2, c-3, d-4

C) a-3, b-2, c-1, d-4 D) a-2, b-3, c-1, d-4

68. रामचन्द्र शुल्क ने किस काव्य धारा को 'स्वच्छन्दता वाद का पूर्वाभास' माना?

A) रीतिमुक्त काव्य धारा को B) रीतिबद्ध काव्यधारा को

C) छायावादी काव्यधारा को D) भारतेन्दु युगीन काव्यधारा को

69. "मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक पत्थर में
चमकता हीरा है
हर एक छाती में आत्मा अधीरा है
प्रत्येक सस्मित में विमल सदानीरा है"- ये किसकी पंक्तियाँ हैं?

A) अज्ञेय B) धर्मवीर भारती

C) मुक्तिबोध D) अरुणकमल

70. **निम्नलिखित में अवधी भाषा की प्राचीनतम कृति कौन-सी है?**

A) पद्मावत B) चंदायन

C) रामचरितमानस D) कृष्ण चित्रावली

71. **काशी नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना कब हुई थी?**

A) 1850 ई.में B) 1920 ई.में C) 1880 ई.में D) 1893 ई.में

72. **'उत्तर अपभ्रंश' को सर्वप्रथम 'पुरानी हिंदी' किसने कहा?**

A) राहुल सांकृत्यायन B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

C) रामचन्द्र शुक्ल D) रामविलास शर्मा।

73. **"अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा लीन**
**अधम व्यंजना रस विरस उलटी कहत नवीन।" यह किसकी पंक्ति है?**

A) चिन्तामणि B) देव

C) भारतेन्दु D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

74. **खडीबोली गद्य की पहली रचना इनमें कौन-सी है?**

A) चंद छंद बरनन की महिमा B) गोरा बादल की कथा

C) भाषा योगवसिष्ठ D) कुतुब शतक

75. **प्रसादजी की 'कामायनी' में पात्र प्रतीकों के निम्नलिखित जोडों में से कौन-सा गलत है?**

A) मनु – मन का प्रतीक

B) श्रद्धा – हृदय का प्रतीक

C) आकुलि – आसुरी वृत्तियों का प्रतीक

D) वृषभ – आनन्द का प्रतीक

76. **गलत अनुक्रम किसमें है?**

A) भट्ट लोल्लट – मीमांसा दर्शन – उत्पत्तिवाद

B) शंकुक – न्याय दर्शन – अनुमितिवाद

C) भट्ट नायक - सांख्य दर्शन – भुक्तिवाद

D) अभिनव गुप्त – वैष्णव दर्शन – ध्वनिवाद

77. **“आलोचना का विषय कवि नहीं, कविता है” – यह किसका कथन है?**

**A)** **लोंजाइनस** **B)** **क्रोचे** **C)** **टी.एस.इलियट** **D)** **ड्राइडन**

78. **रचनाकाल के आधार पर अज्ञेय की निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है-**

**A)** **हरी घास पर क्षण भर, भग्नदूत, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार**

**B)** **भग्नदूत, हरी घास पर क्षण भर, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार**

**C)** **हरी घास पर क्षण भर, भग्नदूत, आँगन के पार द्वार, बावरा अहेरी**

**D)** **बावरा अहेरी, भग्नदूत, आँगन के पार द्वार, हरी घास पर क्षण भर**

79. **अश्वघोष के सौन्दरनंद पर आधारित मोहन राकेश का नाटक है-**

**A)** **आषाढ का एक दिन** **B)** **रात बीतने तक**

**C)** **आधे-अधूरे** **D)** **लहरों के राजहंस**

80. **बरवै में मात्राओं की संख्या होती हैं-**

**A)** **विषम चरणों में 14 और सम चरणों में 7 मात्राएँ**

**B)** **विषम चरणों में 11 और समचरणों में 13 मात्राएँ**

**C)** **विषम चरणें में 12 और समचरणों में 7 मात्राएँ**

**D)** **विषम चरणें में 12 और समचरणों में 8 मात्राएँ**

81. **“अलंकरोति इति अलंकार:” यह कथन किसका है?**

**A)** **भरत** **B)** **भामह** **C)** **वामन** **D)** **रूद्रट**

82. **कौन-सा युग्म असंगत है?**

**A)** **बंद गली का आखिरी मकान-धर्मवीर भारती**

**B)** **निठल्ले की डायरी – हरिशंकर परसाई**

**C)** **पागल कुत्तों का मसीहा - यशपाल**

**D)** **सफेद कौआ – मंजुल भगत**

83. **“चित्रकार अथवा किसी भी अन्य कलाकार की तरह कवि भी अनुकर्ता है”– यह कथन किसका है?**

**A)** **अरस्तु** **B)** **सुकरात** **C)** **प्लेटो** **D)** **इलियट**

84. **'बायोग्राफिया लिटरेरिया' के रचनाकार कौन हैं?**

A) वर्ड्सवर्थ B) रिचार्ड्स C) कॉलरिज D) क्रोचे

85. **असंगत कथन कौन-सा है?**

A) आचार्य केशव को हिन्दी के प्रथम आचार्य मानते हैं।

B) रामचन्द्र शुक्ल ने केशव के ग्रन्थों की संख्या आठ मानी है।

C) केशव की संपूर्ण कृतियों की भाषा व्रज है।

D) केशव प्रश्नोत्तर शैली या संवाद शैली के बादशाह हैं।

86. **निम्नलिखित साहित्यकारों को उनके काव्य संग्रहों से सुमेलित कीजिए**

| | |
|---|---|
| a) ओमप्रकाश वाल्मीकि | 1. सवालों के सूरज |
| b) जयप्रकाश कर्दम | 2. स्वातिबूँद और खारे मोती |
| c) सुशीला टाकभौरे | 3. सर्दियों का संताप |
| d) पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी | 4. गूँगा नहीं था मैं |

A) a-3, b-4, c-1, d-2 B) a-2, b-1, c-3, d-4

C) a-4, b-3, c-2, d-1 D) a-3, b-4, c-2, d-1

87. **संविधान की अष्टम अनुसूचीमें अंग्रेज़ी को सम्मिलित करने के लिए किसने निजी बिल प्रस्तुत किया था?**

A) डॉ. अम्बेडकर B) सरदार वल्लभ भाई पटेल

C) फ्रैंक एन्थनी D) लॉर्ड माउन्ट बैटन

88. **राजभाषा नियम 1976 के अनुसार निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के कर्यालयों को अंग्रेज़ी में पत्रादि भेदने का निर्देश है?**

A) क वर्ग को B) ख वर्ग को

C) ग वर्ग को D) इन सभी वर्गों को

89. **मुंशीआयंगार फॉर्मूले से विख्यात संविधान के अनुच्छेद हैं-**

A) अनुच्छेद 14 से 19 तक B) अनुच्छेद 343 से 351 तक

C) अनुच्छेद 19 से 22 तक D) प्रथम, द्वितीय तथा सातवीं अनुसूचि

90. 'नाक का बाल होना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

A) खुशामदी करना B) शत्रुता होना

C) नाक में बाल आना D) अत्यन्त प्रिय होना

91. राहुल सांकृत्यायन ने आदिकाल का क्या नाम दिया है?

A) वीरगाथा काल B) रासो काल

C) सिद्ध-सामन्तकाल D) चरणकाल

92. हिन्दी की सर्वप्रथम मौलिक कहानी इन्दुमती का लेखक कौन है?

A) किशोरीलाल गोस्वामी B) प्रताप नारायण मिश्र

C) रामचन्द्र शुक्ल D) गिरिजादत्त वाजपेयी

93. भास्कर-सन्धि विच्छेद करके सही विकल्प चुन लीजिए।

A) भास + अकर B) भाः + कर

C) भाः + अस्कर D) भास + कर

94. देवनागरी लिपि में कुल कितने वर्ण हैं?

A) 52 B) 50 C) 57 D) 60

95. सुमेलित कीजिए-

a) कल सुनना मुझे — 1. उदय प्रकाश

b) प्रार्थना बंद करो — 2. आलोकधन्वा

c) क से कबूतर — 3. धूमिल

d) दुनिया रोज़ बनती है — 4. ज्ञानेन्द्रपति

A) a-3, b-4, c-2, d-1 B) a-4, b-3, c-1, d-2

C) a-3, b-4, c-1, d-2 D) a-3, b-1, c-2, d-4

96. काश आज वर्षा होती – इस वाक्य में प्रयुक्त काश कौन-सा निपात है?

A) आदरबोधक B) सीमा बोधक

C) विस्मयादि बोधक D) अवधारणाबोधक

**97. हिन्दी भाषा को हिन्दुस्तानी से पृथक देशी भाषा के रूप में सबसे पहले 1825 में किसने स्वीकार किया था?**

**A) कैप्टन माउन्ट** **B) कैप्टन टेलर**

**C) विलयम प्राइस** **D) विलियम बेंटिक**

**98. यशपाल के निम्न लिखित उपन्यासों का सही प्रकाशन क्रम है-**

**A) झूठासच, देश द्रोही, अमिता, दिव्या**

**B) अमिता, झूठासच, दिव्या, देशद्रोही**

**C) देशद्रोही, दिव्या, अमिता, झूठा सच**

**D) दिव्या, अमिता, देशद्रोही, झूठा सच**

**99. असंगत युग्म इनमें कौन-सा है?**

**A) बेघर – ममता कालिया**

**B) रुकोगी नहीं राधिका – उषा प्रयंवदा**

**C) आओ पें पे घर चलें – प्रभा खेतान**

**D) बाकी सब खैरियत है – मृदुलागर्ग**

**100. प्रेमचन्द के उर्दू उपन्यासों के हिन्दी अनुवाद को सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **a) जज्ब – ए – ईसार** | **1. रंगभूमि** |
| **b) चौदाने हस्ती** | **2. सेवासदन** |
| **c) बाज़ारे हुस्न** | **3. प्रेमाश्रम** |
| **d) गोशिए अफियत** | **4. वरदान** |

**A) a-1, b-2, c-3, d-4** **B) a-4, b-1, c-2, d-3**

**C) a-1, b-4, c-2, d-3** **D) a-4, b-1, c-3, d-2**

**101. 'देह मात्र नहीं है औरत' – किसकी रचना है?**

**A) रमणिका गुप्ता** **B) मनीषा कुलश्रेष्ठ**

**C) मृदुलासिन्हा** **D) रचना भारती**

102. कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित पत्रिकाओं के प्रकाशन का सही अनुक्रम क्या है?

A) हंस, आलोचना, सरस्वती, रविवार

B) सरस्वती, हंस, आलोचना, रविवार

C) रविवार, आलोचना, सरस्वती, हंस

D) हंस, सरस्वती, रविवार, आलोचना

103. असंगत क्रम बताइए

1. लिरिकल बैलेड्स – वर्ड्सवर्थ

2. सिम्पोसिओन – लिविस

3. ए ग्रामर आफ मोटिक्स – इलियट

4. क्रिटिक्स एण्ड क्रिटिसिज़्म – आर. एस.क्रेन

(A) 1, 2 & 4 B) 1 & 2 C) 2 & 3 D) 3 & 4

104. किस आचार्य को साधारणीकरण का प्रवर्तक माना जाता है?

A) श्रीशंकुक B) भट्टनायक C) भट्ट लोल्लट D) अभिनव गुप्त

105. "शरीरं तावद् इष्टार्थव्यवच्छिना पदावली" – यह किसने कहा था?

A) भामह B) मम्मट C) जगन्नाथ D) दण्डी

106. "भारतेन्दु ने नाटकों के माध्यम से हिन्दी को लोकप्रिय बनाया, पारसी रंगमंच का विरोध किया तथा प्राचीन नाटकों का उद्धार किया" – यह कथन किस आलोचक का है?

A) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल D) रामविलास शर्मा

107. इनमें गलत जोडा कौन-सा है?

A) खुमान रासो - दलपति विजय

B) परमाल रासो - जगनिक

C) बीसलदेव रासो - नरपति मिश्र

D) कलियुग रासो - रसिक गोविन्द

**108.** **निम्नलिखित में से अध्यायों के नाम और रचनाओं को सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| a) समय | 1. साकेत |
| b) काण्ड | 2. पद्मावत |
| c) खण्ड | 3. रामचरितमानस |
| d) सर्ग | 4. पृथ्वीराज रासो |

A) a-4, b-2, c-3, d-1 B) a-2, b-3, c-4, d-1
C) a-3, b-2, c-1, d-4 D) a-2, b-3, c-1, d-4

**109.** **'बिहारी सतसई' पर फिरंगे सतसई नामक फारसी भाषा में किसने टीका लिखी थी?**

A) राधाकृष्ण दास B) पद्मसिंह शर्मा
C) लल्लूजी लाल D) आनन्दीलाल शर्मा

**110.** **फादर कमिल बुल्के को हिन्दी साहित्य में महत्व दिये जाने का कारण क्या है?**

A) कोश निर्माण B) तुलसी साहित्य के विशेषज्ञ
C) रामकथा लेखन D) ये सभी

**111.** **इनमें ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता साहित्यकार कौन नहीं है?**

A) केदारनाथ सिंह B) श्रीलाल शुक्ल
C) कुंवर नारायण D) रामदरश मिश्र

**112.** **'दूसरा सप्तक' के कवि नहीं है-**

A) रघुवीर सहाय B) धर्मवीर भारती C) कीर्ति चौधरी D) शकुन्त माथुर

**113.** **छायावाद का घोषणापत्र (मेनिफेस्टो) किस कृति को कहा जाता है?**

A) ग्राम्य B) पल्लव C) जुही की कली D) कुकुरमुत्ता

**114.** **सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| a) रस गन्धर्व | 1. नरेश मेहता |
| b) शतुरमुर्ग | 2. मुद्राराक्षस |
| c) सुबह के घण्टे | 3. मणि मधुकर |
| d) मरजीवा | 4. ज्ञानदेव अग्निहोत्री |

A) a-4, b-3, c-1, d-2 B) a-3, b-4, c-1, d-2
C) a-1, b-3, c-2, d-4 D) a-3, b-4, c-2, d-1

115. मैकबेथ और ओथेलो नाटकों का अनुवाद हिन्दी में इनमें किसने किया था?

A) रघुवीर सहाय B) नेमिचन्द्र जैन

C) भीष्म साहनी D) हरिवंश राय बच्चन

116. किस आचार्य के सिद्धान्त संस्कृत के चित्र तुरग न्याय पर आधारित था?

A) श्री शंकुक B) भट्ट लोल्लट

C) भट्ट नायक D) आनन्द वर्द्धन

117. 'कलमें लगाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

A) कलम इकट्ठा करना B) एक परंपरा का दूसरे के साथ जोडना

C) कलई खोलना D) कलम का करोबार करना

118. सदा + एव = सदैव – यहाँ कौन-सी सन्धि है?

A) गुण सन्धि B) वृद्धि सन्धि

C) यण सन्धि D) अयादि सन्धि

119. चरण-कमल शब्द में कौन-सा अलंकार है?

A) उत्प्रेक्षा B) रूपक C) उपमा D) अनुप्रास

120. देवनागरी लिपि का सही विकास क्रम है –

A) नागरी लिपि - ब्राह्मी लिपि – गुप्त लिपि - देवनागरी

B) गुप्तलिपि – नागरी लिपि – ब्राह्मी लिपि - देवनागरी

C) ब्राह्मी लिपि – नागरी लिपि – गुप्त लिपि - देवनागरी

D) नागरी लिपि – गुप्त लिपि – ब्राह्मी लिपि – देवनागरी